पर्व | रमज़ान के पहले जुमा पर मस्जिदों में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

# अल्लाहु अकबर की आवाज़ के बीच सजदे में झुके हजारों सिर



**तीसरा रोजा आज**
**रोजा अफ़्तार, 6:15 बजे**
**सहरी कल सुबह, 5:10 बजे**

**नवभारत,जबलपुर।** रमज़ान शरीफ का पहला जुमा शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। सुबह से ही शहर और उपनगरों की मस्जिदों में नमाजियों का तांता लगा। शहर की करीब 100 से अधिक मस्जिदों में हजारों अकीदतमंदों ने जुमे की नमाज अदा की। कई मस्जिदों में भीड़ इतनी अधिक थी कि कतारें बाहर तक लग गईं। इमामों के खुतबे के बाद 'अल्लाहु अकबर' की आवाज़ के बीच हजारों सिर सजदे में झुके। नमाज़ के बाद देश और शहर की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआएं की गईं।

## इन प्रमुख मस्जिदों में रही भीड़भाड़

मंडी मदार टेकरी स्थित जामा मस्जिद जमीअतुल कुरेश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, मस्जिद हनफिया बहोराबाग, हमजा मस्जिद अजीजगंज, मदीना मस्जिद गोहलपुर, सुलेमानी मस्जिद चांदनी चौक, जामा मस्जिद अंधेरदेव, जामा मस्जिद ओमती और जामा मस्जिद जहांगीराबाद सहित सदर, रामपुर, गोरखपुर और गढ़ा क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में नमाज़ी पहुंचे।

### सूफी सैय्यद गुल अशरफी की अगुवाई में रोजेदारों ने लिया हिस्सा

मंडी मदार टेकरी अशरफ नगर में सैय्यदा फातिमा ज़हरा के उर्स के अवसर पर विशाल अफ़्तार का आयोजन किया गया। यह आयोजन इस साल तीसरे रोज़े पर रखा गया। दोपहर में नमाज़ ज़ोहर और नियाज़ के बाद महिलाओं की मीलाद शरीफ आयोजित की गई। मगरिब के समय रोजेदारों के लिए विशेष अफ़्तार का इंतज़ाम किया गया। रात 10 बजे के बाद नमाज़ तरावीह के बाद महफिल-ए-समा का आयोजन भी रखा गया। गौसे किछौछा एकेडमी के सद्र फारूक अशरफी, सेक्रेटरी एडवोकेट आलमगीर अशरफी, शाकिर अशरफी और मुनव्वर अशरफी ने रोजेदारों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सवाब हासिल करें।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों की बैठक कल

**नवभारत,जबलपुर।** शहर जिला के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों, उत्तराधिकारियों, परिवारजनों की 22 फरवरी दिन रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कार्यालय गांधी भवन टाउन हाल में दोपहर 2.00 बजे अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में शहरी एवं ग्रामीण जिले के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, वंशजों, उत्तराधिकारियों से अपने अपने स्वतंत्रता सेनानियों को मिलने वाली सम्मान निधि की बैंक पास बुक की फोटोकॉपी एवं तामा प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं जेल यात्रा के प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी ,दो पासपोर्ट साइज के फोटो सहित संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित होंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन, वंशज, उत्तराधिकारी, संगठन के मनोज नामदेव, राजेन्द्र रज्जू सराफ, केशव प्रसाद चौरसिया, नारायण शर्मा, किरण गठोरिया, प्रीति चौधरी, ने बताया कि इस बैठक में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा व आगामी रूपरेखा का एजेंडा, नवीन सदस्यों की सूची तैयार की जायेगी एवं केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार से यह मांग उठाई जायेगी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज परिजनों को भी शासन द्वारा जो सेनानिजनों को केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार सुख सुविधायें प्रदान करते थे वह सारी सुख सुविधा सेनानि परिजनों को भी मिले। इसका एजेंडा तैयार कर संगठन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी को भोपाल प्रदेश मुख्यालय को भेजा जाएगा। समस्त स्वतंत्रता सेनानियों परिजनों सदस्यों से इस बैठक में संबंधित दस्तावेज जमा कराकर संगठन प्रकोष्ठ में अपने नाम का पंजीयन कराने की अपील की गई है।



# छात्राओं ने दी कविता, गायन एवं निबंध की प्रस्तुति

**माता गुजरी महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय हिंदी मातृभाषा दिवस का आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय हिंदी मातृभाषा दिवस का आयोजन महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब, रजिस्ट्रार डॉ सत्येंद्र कुररिया एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सपना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम संभागीय अधिकारी, प्रभारी अधिकारी गीता भवन वैचारिक अध्ययन केंद्र जबलपुर, सागर बोरकर उपस्थित रहे,उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न बहुउपयोगी विषयों पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थी किस प्रकार से अपने जीवन में सफल हो सकते हैं इस पर अपने विचार व्यक्त किये । छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी मातृभाषा दिवस पर कविता, गायन एवं निबंध की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूनम शर्मा एवं छात्रा पलक टंडन ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ भारती रजक के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर डॉ दीप्ति मिश्रा, डॉ प्रभा पहारिया, डॉ रीता मुखर्जी, डॉ अंजू मिश्रा, डॉ वर्षा दुबे, डॉ अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक अर्पिता बैनर्जी, श्रेया कुररिया, ईशा माहेश्वरी, डॉ पूनम खन्ना, आकांक्षा नामदेव का सहयोग रहा ।बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी अपनी उपस्थिति दी और छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी का भी सहयोग रहा।

### एक नजर में



## जेईई मेन्स में कुशाग्र रहे जिले में प्रथम

**नवभारत, जबलपुर।** जेईई मेन्स 2026 की परीक्षा में ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई के छात्र कुशाग्र वर्मा ने 99.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान अर्जित करने का गौरव प्राप्त किया। छात्र कुशाग्र की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार की बल्कि विद्यालय की छवि को भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सी.बी..एस.ई प्रभारी प्राचार्य करन खुराना आदि ने उन्हें अपनी शुभकामनायें प्रेषित करते हुये छात्र कुशाग्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अजय सिंह बने बरगी ब्लॉक अध्यक्ष

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष जगदीश पटेल के नेतृत्व में निज निवास बहोरीपार (बरगी) में पूर्व राज्यमंत्री एवं अभा लोधी महासभा प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य, नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी की अध्यक्षता में एवं पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत जबलपुर एवं अभा लोधी महासभा नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पटेल के विशिष्ट आतिथ्य, जिला युवा लोधी क्षत्रिय महापरिषद के जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह लोधी, आलोक संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम पटेल, जिला लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष एस एस राजपूत, आलोक जिला अध्यक्ष लोधी नरेश पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में बैठक आयोजित हुई। बैठक में बरगी ब्लॉक के सामाजिक बंधुओं की सर्वसम्मति से बंदरकोला निवासी पूर्व सरपंच एवं गौ शाला संचालक अजय सिंह पटेल निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके साथ ही ब्लॉक स्तरीय अन्य पदाधिकारी भी नियुक्त किए गये हैं। निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर देवी सिंह पटेल सुकरी, गोविंद सिंह पटेल, हीरा सिंह पटेल, सतेन्द्र पटेल, कुंअर लाल पटेल, संजू पटेल ठाकुर प्रसाद पटेल, दिमाक पटेल, राज पटेल आदि ने शुभकामनाए बधाई प्रेषित की । मंच संचालन एंव आभार ज्ञापित जिला उपाध्यक्ष आलोक संघ जबलपुर देवी सिंह पटेल के द्वारा किया गया ।



## लेबल यूनिफाइड एआई प्लेटफॉर्म विकसित करने की घोषणा

**नवभारत,जबलपुर।** टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 के अवसर पर एक स्केलेबल यूनिफाइड एआई प्लेटफॉर्म विकसित करने की रणनीतिक योजना की घोषणा की है। यह पहल इंडिया एआई मिशन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश के 370 अरब अमेरिकी डॉलर के हेल्थकेयर सेक्टर और 197 अरब डॉलर के प्रिवेंटिव हेल्थकेयर अवसर को सशक्त बनाना है। कंपनी द्वारा विकसित किया जाने वाला यह प्लेटफॉर्म अस्पतालों, डायग्नोस्टिक लैबोरेटरीज़, क्लिनिकल ट्रायल संगठनों और क्लिनिक्स के लिए एक वन-स्टॉप डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर लेयर के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से स्वास्थ्य संस्थान एआई आधारित समाधानों को सहज रूप से अपनाकर सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार कर सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की थीम को साकार करते हुए प्रत्येक नागरिक तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने और 'विकसित भारत' के विजन को मजबूती देने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। सरकार के स्केलेबल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लक्ष्य के अनुरूप यह पहल हेल्थकेयर एआई मार्केटप्लेस और इंटीग्रेशन लेयर के रूप में काम करेगी, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के स्वास्थ्यकर्मी एकीकृत प्रणाली के माध्यम से एआई-संचालित एप्लिकेशन को आसानी से एक्सेस, डिप्लॉय और मैनेज कर सकेंगे।

## अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय सभा की बैठक आज से

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय सभा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज 21 एवं 22 फरवरी 2026 को कुर्मी सेवा संस्थान, जबलपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रश्मि सिंह (राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष), बृजबिहारी पटेल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) एवं प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायूँ की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश प्रसाद पटेल (पूर्व अध्यक्ष, कुर्मी सेवा संस्थान) करेंगे। बैठक को सफल बनाने के लिए स्वागत समिति के अध्यक्ष के.पी. पटेल, संभागीय अध्यक्ष विवेक पटेल (जिला पंचायत उपाध्यक्ष), जिला अध्यक्ष राजकिशोर पटेल, सविता पटेल एवं अल्का पटेल सहित उमिया परिवार ने विशेष सहयोग करते हुए समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# छात्राओं की प्रतिभा का हुआ गौरवपूर्ण सम्मान

**शासकीय मानकुँवर बाई महिला महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह**




**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'उमंग-2026' के अंतर्गत वार्षिक प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के निर्देशन तथा स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शुभारंभ संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। अतिथियों का स्वागत बैच, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप दुबे (देहली एम.आर.आई. सेंटर, जबलपुर), मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिरीष जामदार (डायरेक्टर, त्रिवेणी हॉस्पिटल, जबलपुर) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ठाकुर मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं ने विविध विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम की सफलता में डॉ. नंदिनी भारिल्ल, डॉ. सपना चौहान, डॉ. सुषमा मेहरा, डॉ. तुलिका गौतम, डॉ. एम.ए. आरिफ का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. अर्चना देवलिया, डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी नवाजीं गईं

कार्यक्रम के अंत में छात्रा शचि गौतम ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। युवा उत्सव एवं स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत वाद-विवाद, भाषण, रूपांकन, संगीत, स्क्रिप्ट, ड्रामा, माइम, नृत्य (एकल एवं समूह), गायन, मेहंदी, रंगोली, सलाद, कलश सज्जा, पूजा थाली आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह में छात्राओं के चेहरों पर सम्मान की खुशी स्पष्ट दिखाई दी और पूरा परिसर उत्साह एवं उमंग से सराबोर रहा।



## आयुध निर्माणी खमरिया को मिला स्वर्ण मयूर पुरस्कार

**मुंबई में आयोजित समारोह में मुख्य महाप्रबंधक ने ग्रहण किया प्रतिष्ठित सम्मान**

**नवभारत, जबलपुर।** मुंबई में आयोजित एक प्रतिष्ठित एवं भव्य समारोह में आयुध निर्माणी खमरिया को वर्ष 2025 के 'स्वर्ण मयूर पुरस्कार - मानव संसाधन उत्कृष्टता' से सम्मानित किया गया। संस्थान की ओर से यह सम्मान मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने ससम्मान प्राप्त किया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि संस्थान की सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था, प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन तथा नवोन्मेषी पहलों का प्रमाण है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने कहा कि यह सम्मान संगठन के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन का परिणाम है। उन्होंने सभी कर्मियों को बधाई देते हुए निरंतर गुणवत्ता सुधार और प्रगति की दिशा में समर्पित रहने का आह्वान किया। यह सम्मान आयुध निर्माणी खमरिया की उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर अग्रसर यात्रा का सशक्त प्रमाण माना जा रहा है।





## पवित्र चालीसा के साथ प्रभु येशु के पवित्र क्रूश मार्ग की शुरुआत

**प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को अर्पित किया जाएगा पवित्र मिस्सा**

**नवभारत, जबलपुर।** सदर स्थित सेन्ट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल महा गिरिजाघर में आज से प्रभु येशु के पवित्र चालीसे काल का प्रथम क्रूश मार्ग आरंभ हुआ। प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को पवित्र क्रूश मार्ग और उसके बाद पवित्र मिस्सा अर्पित किया जाएगा। इस पवित्र चालीसे काल में ईसाई समुदाय के लिए धार्मिक महत्व अत्यधिक है और विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन होता है। इस दौरान कुल 6 पवित्र शुक्रवार और 5 बुधवार होंगे। शुक्रवार का पवित्र मिस्सा डॉ. फादर वेन अंतोन, प्राचार्य, सेन्ट अलायसिस कॉलेज ने अर्पित किया। पल्ली पुरोहित डॉ. फादर डेविस जॉर्ज और सह पल्ली पुरोहित जोनास मरकाम ने सभी वासियों से अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की।

## प्रयास पत्रिका के 16वें अंक का विमोचन 17 मई को

**नवभारत, जबलपुर।** जिला साहू समाज जबलपुर, श्री साहू वैश्य नगर सभा जबलपुर एवं साहू महिला मंडल जबलपुर के संयुक्त संयोजन में 'प्रयास' पत्रिका का 16वां अंक प्रकाशित किया जा रहा है। पत्रिका के प्रधान संपादक रमेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 मई 2026, रविवार को एक दिवसीय वृहद परिचय सम्मेलन का आयोजन पूर्व महापौर प्रभात साहू के संयोजन एवं आतिथ्य में होगा। 'प्रयास' पत्रिका वर्षों से साहू समाज के वैवाहिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके माध्यम से प्रतिवर्ष सैकड़ों परिवारों को योग्य वर-वधू के चयन में विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध होती है। आयोजकों ने सर्व साहू समाज से अधिकाधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होकर सामाजिक एकता और वैवाहिक समन्वय को सशक्त बनाने का आह्वान किया है।

# पीड़ित मानवता की सेवा के रूप में मनाया जाएगा विधायक का जन्मदिवस

**22 फरवरी से 26 फरवरी तक लगाए जाएंगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर**
**पूर्व विधानसभा के रहवासियों को मिलेगा फायदा**



**नवभारत,जबलपुर।** पिछले 15 वर्षों से पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से मनाया जा रहा विधायक व मंत्री लखन घनघोरिया का जन्मदिवस इस वर्ष भी कांग्रेस द्वारा इसी उद्देश्य से मनाया जाएगा। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया के 1 मार्च को जन्मदिवस के पहले 22 फरवरी से 26 फरवरी तक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पूर्व विधानसभा के क्षेत्रों में यहां की जनता के लिए विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर व स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। जिस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा और साथ ही दवा, चश्मा वितरण भी किया जाएगा एवं दंत परीक्षण, स्त्री रोग, रक्त संबंधी जांच, नाक कान गला रोग की जांच की जाएगी। श्री शर्मा के अनुसार 22 फरवरी को बीमा अस्पताल कांचघर में, 23 को सिंधी धर्मशाला गोपाल होटल के पास, 24 फरवरी को शुब्बाशाह मैदान , 25 फरवरी को भानतलैया स्कूल खेरमाई और 26 फरवरी को धनी की कुटिया अधारताल में शिविर आयोजित होगा।

### अभी तक पौने दो लाख लोग ले चुके हैं लाभ

इस दौरान कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि पिछले 15 सालों से आयोजित हो रहे इस शिविर में अभी तक पौने दो लाख लोग लाभ ले चुके हैं। पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, यश घनघोरिया, पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमाकांत रावत, राजेश केशरवानी, कदीर सोनी, ताहिर अली सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

कार्यक्रम | रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम

# 10 टीवी रोगियों को प्रदान की गई फूड बास्केट



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रेल्वे केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में टी.वी. रोगियों को फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम चिकित्सालय के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें विशेष तौर पर वंदना वर्मा, प्रभात कुमार वर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प.म. रे. के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। डॉ. आर.एन. मिश्रा अपर मुख्य स्वास्थ्य निर्देशक तथा डॉ. संतोष कुमार ठाकुर जिला क्षय अधिकारी के निर्देशन तथा डॉ. संदीप कुमार चौहान मंडल चिकित्सा अधिकारी रेल्वे के मार्गदर्शन पर धीरेन्द्र कुमार तिवारी टी.वी. हेल्थ विजिटर द्वारा आयोजित किया गया, कार्यक्रम में 10 टी.वी. रोगियों को फूड बास्केट वितरण हेतु, निक्षय मित्र के साथ आमंत्रित किया गया। डॉ. मीनाक्षी मिश्रा वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संदीप चौहान, टी.वी. हेल्थ विजिटर धीरेन्द्र तिवारी ने आये हुए निक्षय मित्र का सम्मान करते हुए टी.वी. रोगियों को इस रोग के लक्षण, बचाव एवं जांच के संबंध में बताते हुए पोषण आहार की महत्व को बताया। टी.वी. रोगियों को आये हुए अतिथियों ने फूड बास्केट वितरित किये गये। कार्यक्रम में जूली परेरा मुख्य आफिस अधीक्षक, सहायक नर्सिंग आफिसर ललिता लाल तथा रेल्वे की मेट्रन और अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। इस कार्यक्रम का लाभ करीब 100 लोगों ने लिया। इस कार्यक्रम में निक्षय मित्र के रूप में श्रीमती वंदना वर्मा का समस्त परिवार, नितिन सी.एच.आई., जूली परेरा, शीला सिंह आफीस अधीक्षक ने टी.वी. रोगियों को फूड बास्केट प्रदान किये।



## आदिवासी महासंघ ने मनाई माता शबरी जयंती

**नवभारत,जबलपुर।** नेहरू नगर आदिवासी बस्ती में आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के तत्वाधान में माता शबरी की पावन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोटिया, राष्ट्रीय संयोजक शैलेश सिंह लोधी, रीना गोटिया, सुनीता गोटिया, रुकमणी कोल, लता कोल, आनंदीलाल खलीफा, ममता कोल, विनोद गोटिया, प्रकाश गोटिया, हेमंत ठाकुर, राजेन्द्र गोटिया, हिमसागर मरकाम, शक्ति शनि कुलस्ते सहित अन्य ने माता शबरी को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महासंघ अध्यक्ष शंकरलाल गोटिया ने कहा कि माता शबरी प्रभु श्रीराम की सच्ची भक्त थीं। उन्होंने अपने आश्रम में भगवान का धैर्यपूर्वक इंतजार किया और जब श्रीराम उनके पास आए तो उन्होंने बेर की मिठास जाँचकर उन्हें भेंट किए। शबरी की भक्ति और समर्पण ने आज भी भक्तों के लिए सच्ची निष्ठा का संदेश देता है।